कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI
हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष :03, अंक :-306, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | गुरुवार, 16 मई, 2024


## इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# आठ की मौत

इंदौर। अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। दो वाहनों की टक्कर के बाद आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक शख्स के घायल होने की खबर है। हादसे के बारे में मध्य प्रदेश पुलिस ने बताया कि इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाटाबिल्लौद के पास एक जीप की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रूपेश कुमार द्विवेदी ने बताया, हादसे में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल है।

जानकारी के मुताबिक दर्दनाक सड़क हादसा इंदौर अहमदाबाद रोड पर बेटमा के समीप हुआ है।



इसमे एक कार रोड पर खड़े डंपर में जा घुसी। आशंका है कि डंपर रेती से भरा हुआ था, क्योंकि घटना स्थल पर रेती बिखरी हुई है। हादसे में कार में सवार आठ लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक वृद्ध घायल है, जिसका नाम भोगों पिता दलसिंह सामने आया है। जानकारी मिली है कि ये लोग बाग टांडा से गुना जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। घटना के बाद जिस वाहन से कार टकराई थी वो वाहन चालक भाग निकला।

## कोई माई का लाल नहीं जो सीएए को खत्म कर सके: मोदी

**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी आज यूपी के आजमगढ़ के लालगंज में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे हैं। भाजपा ने यहां से नीलम सोनकर को टिकट दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर कितना भरोसा है। मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है। कल ही इस कानून के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देने का काम शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि सपा कांग्रेस आदि ने सीएए के नाम पर ऐसा झूठ चलाया कि इन दलों ने यूपी समेत पूरे देश को दंगों में झोंकने का काम किया। ये आज भी कहते हैं कि जिस दिन मोदी जाएगा उस दिन सीएए भी जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि कोई ऐसा माई का लाल पैदा हुआ है जो सीएए को खत्म कर सके।

### लखनऊ में अखिलेश यादव के साथ केजरीवाल बोले

# मोदी की सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ के सपा कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर मोदी जी चुनाव जीतते हैं तो दो महीने में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो रिटायरमेंट की आयु



75 साल रखी गई थी। सुमित्रा महाजन, मुरली मनोहर जोशी, लाल कृष्ण आडवाणी इसका उदाहरण हैं। अगले साल 17 सितंबर को मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे। मोदी ने धीरे-धीरे अमित शाह के रास्ते के कांटो को दूर कर किया। वसुंधरा राजे, सुमित्रा महाजन, शिवराज सिंह चौहान, डॉ. रमन सिंह को हटाया। अब केवल योगी ही बाधा हैं। उन्हें हटाया जाएगा। उन्हें मोदी हटाएंगे क्योंकि अपने बनाए नियम को वो नहीं तोड़ते। वरना लोग उन पर सवाल उठाएंगे।

**भाजपा 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत पाएगी: अखिलेश**

इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों में अब तक भाजपा चित्त हो चुकी है। जनता में आंसुओं का उफान है। 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है कि 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे। इस बार जनता 140 सीटों के लिए तरसा देगी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में भाजपा को करारी हार मिलेगी।







# एसडीएम ने किया गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

एनएनआई

**कासगंज।** अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी अरूण कुमार त्रिपाठी के साथ जनपद में संचालित गेहूं क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

खाद्य विभाग द्वारा संचालित मोबाइल गेहूं क्रय केन्द्र बदनपुर के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी रामरतन द्वारा गेहूं क्रय केन्द्र पर किसान संदीप के 90 कुंटल गेहूं की तौल कराई जा रही थी। केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण थीं। पूंछने पर किसान द्वारा केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं के प्रति संतुष्टि व्यक्त की गई। केन्द्र पर 3100 कुंटल गेहूं खरीदा जा चुका है तथा 1250 कुंटल गेहूं भारतीय खाद्य निगम को भेजा जा चुका है। पीसीएफ गेहूं क्रय केन्द्र सोरों के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी महेश उपस्थित मिले। केन्द्र पर महिला किसान प्रेमलता के

**किसान, सरकारी क्रय केन्द्रों पर अपना गेहूं बिक्री कर उचित मूल्य प्राप्त करें-अपर जिलाधिकारी**

20 कुंटल गेहूं की तौल होते पाई गई। क्रय केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण थीं। इस केन्द्र पर 876.90 कुंटल गेहूं खरीदा जा चुका है तथा 555 कुंटल गेहूं भारतीय खाद्य निगम को भेज दिया गया है। अपर जिलाधिकारी द्वारा इस केन्द्र पर गेहूं बेंच चुके किसान रामसिंह से मोबाइल पर बातचीत की गई। भुगतान हो जाने की पुष्टि की गई तथा कोई समस्या/शिकायत नहीं होना बताया गया।

अपर जिलाधिकारी ने समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि गेहूं क्रय केन्द्रों पर बोरों की उपलब्धता रखी जाये तथा समस्त लेखा जोखा सही रखा जाये। भारतीय खाद्य निगम को त्वरित गति से गेहूं भेजा जाये। क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने तथा पीने के लिये ठण्डे पानी की समुचित व्यवस्था अनिवार्यरूप से की जाये। क्रय केन्द्रों व भारतीय खाद्य निगम डिपो पर गेहूं तौल व गेहूं उतार हेतु लेबर, ठेकेदार या कर्मचारी किसी भी प्रकार की अवैध वसूली न कर पायें। भुगतान की दरों का क्रय केन्द्रों पर अवश्य प्रदर्शन किया जाये।

अपर जिलाधिकारी ने समस्त कृषक भाइयों से अनुरोध किया है कि अपने घर/गांव से ही सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बिक्री कर अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करें। जिसके लिये अथवा गेहूं क्रय केन्द्र पर किसी भी समस्या के सम्बंध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी के मोबा0 नं0 9569794369 अथवा क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कासगंज के मोबा0 नं0 6388576927 पर संपर्क कर सकते हैं।

# राजकीय पॉलिटेक्निक सोरों ने किये प्लेसमेंट



एनएनआई

**सोरों/कासगंज।** राजकीय पॉलिटेक्निक सोरों एवं एमएमआईटी कासगंज में आयोजित पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी एसकेएच वाई-टैक गुजरात द्वारा बुधवार को आयोजित किया गया जिसमें गूगल फॉर्म के माध्यम से कुल 264 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण किया तथा कुल 136 छात्र छात्राओं ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। जिसमें सत्र 2023-24 में अध्यनरत कुल 104 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया चयनित छात्र-छात्राओं को वार्षिक सी०टी०सी० 2.30 लाख रुपए है रोजगार पाकर छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है चयनित छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य राजन सिंह ट्रेंनिंग प्लेसमेंट अधिकारी सौरभ निमेष एमएमआईटी कासगंज, आलोक प्रताप सिंह रापा सोरों,ट्रेंनिंग प्लेसमेंट प्रभारी श्री मुकुल कुमार धारीवाल एमएमआईटी ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# खंदौली में ट्रक की बैटरियां चोरी कर ले गए कार सवार बदमाश

**खंदौली (एनएनआई)।** थाना क्षेत्र खंदौली एत्मादपुर मार्ग पर स्थित एक पैट्रोल पंप पर खडे ट्रक से कार सवार अज्ञात चोर ट्रक की बैटरियां चोरी कर ले गया। चोरी की यह घटना पैट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई।मामले मे पीडित ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाना खंदौली मे तहरीर दे दी है।

खेरिया निवासी महेन्द्र कुमार ने पुलिस को वताया की वह अपने ट्रक को रात में खंदौली एत्मादपुर मार्ग गांव नगला बीघा (रामनगर) के पास स्थित किसान सेवा केन्द्र पैट्रोल पंप पर खडा कर घर गया था।सुबह 4 बजे जब वह ट्रक पर पहुचा और



ट्रक चालू किया तो वह नही हुआ चैक करने पर पता चला की ट्रक मे लगी बैटरियां चोरी हो गई है।इस पर पैट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक किया गया तो फुटेज मे एक कार सवार युवक बैटरी को खोल कर चोरी कर ले जाता दिखाई दे रहा है। मामले मे पीडित ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाना खंदौली मे तहरीर दे दी है।

# शॉर्ट सर्किट से जनसेवा केंद्र में लगी आग

**खेरागढ़ एनएनआई।** थाना क्षेत्र के विधौली में स्थित विनोद जनसेवा केंद्र में बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई, जिसमे हजारों का सामान जलकर राख हो गया। विधौली निवासी विनोद पचौरी पिछले 3 वर्षो से जनसेवा केंद्र चला रहे हैं वहीं दुकान में मोबाइल रिपेयरिंग भी करते हैं, हादसा तब हुआ जब दुकान संचालक दुकान बंद कर घर चला गया। दोपहर में दुकान से धुंआ उठते देख स्थानीय लोगों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया और दुकान संचालक को फोन कर घटना की सूचना दी, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने दुकान की शटर खोली और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया तब तक हजारों का सामान जल गया। आग लगने से दुकान में बिक्री के लिए रखे कीमती मोबाइल व अन्य कीमती उपकरण जलकर राख हो गए।

# पूर्व सभासद बनबारी लाल शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष

**एत्मादपुर (एनएनआई)।** कस्बा में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मोहल्ला सतीली स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर पर पूर्व बाइस चेयरमैन मदनबाबू चंदेल की अध्यक्षता में पाल, बघेल, धनगर समाज की हुई आम बैठक में पूर्व सभासद बनबारी लाल बघेल को जयंती समारोह शोभायात्रा समिति का आम सहमति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मोहल्ला सत्ता बघेलान निवासी बनवारी लाल बघेल को अध्यक्ष और मुकेश बघेल दूधिया (संवाई) को संयोजक चुना गया। महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती 31 मई को मोहल्ला सत्ता बघेलान स्थित देवी अहिल्याबाई पार्क में मनाई जाएगी। इसके बाद दो जून को कस्बा में गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

प्रधान संपादक अरविन्द सिंह

RNI Title Code no UPHIN49797

निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# हमें प्रसन्नता, सुख-शांति और सफलता देता है परिवार

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में भागवत कथा का प्रवचन करते हुए आचार्य गोपालदास शास्त्री ने बुधवार को कहा कि प्रसन्नता, सुख-शांति और सफलता की सीख परिवार के सदस्यों से मिल सकती है। अगर परिवार के किसी व्यक्ति से कोई सीख मिलती है तो उसे स्वीकार जरूर करें। मृत्यु अटल है, ये बात समझें और बुढ़ापे में इस बात की तैयारी कर लेनी चाहिए कि देह त्यागते समय कष्ट कम से कम हो। अगर सारी व्यवस्थाएं ठीक करके देह छोड़ेंगे तो परिवार को कम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कर्दम ऋषि और मां देवहूति के बेटे थे कपिल देव, कर्दम ऋषि तपस्या करने जंगल में गये तो अपनी पत्नी देवहूति को बेटे कपिल देव के पास छोड़ गए। एक दिन



देवहूति ने कपिल देव से कहा, 'तुम ज्ञान का अवतार हो तो मैं तुम्हारे प्रवचन सुनना चाहती हूं।' कपिल देव ने अपनी माता को जीवन कैसे जिया जाए, इस पर बहुत सुंदर प्रवचन दिया।

प्रवचन के अंतिम चरण में देवहूति को ये बात समझ आ गई कि मृत्यु अटल है, सभी को मरना है तो जीवन के समापन अवसर पर कुछ ऐसी तैयारियां कर ली जाएं, जिससे अंतिम समय पर आसानी से देह का अंत हो जाए और आत्मा इस देह को छोड़कर आगे बढ़ जाए। गृहस्थ जीवन में अपने परिवार से प्रेम होना स्वभाविक है, लेकिन देवहूति समझ चुकी थीं कि मृत्यु तो होना ही है तो जाते समय भी प्रसन्नता के साथ जाना चाहिए। देवहूति ने लगातार ध्यान करते हुए आत्मा और शरीर के अंतर को समझ लिया। जब उनका अंतिम समय आ गया तो उन्होंने प्रसन्नता के साथ देह त्याग दी। परीक्षत रामकिशोर बरुआ, शारदा देवी ने लोगों को परिवार दिवस की शुभकामनाएं दी।

### एनजीटी के आदेश के उल्लंघन पर प्रशासन की कार्रवाई

## 11 ईंट-भट्ठे कराए बंद

एनएनआई

**अलीगढ़।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) के आदेश के विपरीत ईंट-भट्ठा संचालन पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। 15 मई को डीएम विशाख जी के निर्देश पर राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने कोल, अतरौली, इगलास, खैर व गभाना तहसील क्षेत्र में 11 ईंट-भट्ठों को बंद करा दिया।

एडीएम वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने बताया कि अलीगढ़ में करीब चार माह के लिए ईंट-भट्ठे संचालित होते हैं। एनजीटी ने दिल्ली-एनसीआर के नियम अलीगढ़ में भी लागू करते हुए कुछ ईंट-भट्ठों के बंदी के आदेश जारी किए हैं। लेकिन बड़ी संख्या में ईंट-भट्ठों ने रोक के बावजूद मिट्टी का खनन कर ईंटों की पथाई कर ली। इसको लेकर डीएम के निर्देश पर सभी तहसीलों में अवैध रूप से चल रहे ईंट-भट्ठों को बंद करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में सभी भट्ठे बंद न होने तक अभियान जारी रहेगा। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी राधेश्याम ने बताया कि राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग व प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीम ने



संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित 11 ईंट भट्ठों को बंद कराया है।

तहसील इगलास में नायब तहसीलदार के नेतृत्व वाली टीम ने कृष्ण कन्हैया ईंट उद्योग कांडली, प्रधान ईंट उद्योग धंधारिया, दुर्गा ईंट उद्योग गढ़ी धन्नू, लक्ष्य ईंट उद्योग मेहतापुर को बंद कराया है। तहसील गभाना क्षेत्र में एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के निर्देशन में पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीम ने न्यू प्रिया ईंट उद्योग रायपुर देहली, सनी ब्रिक्स वर्क्स (पूर्व नाम मेसर्स आरएसए ईंट उद्योग) समस्तपुर कोटा को फायर मशीन से पानी भरवाकर एवं नवनिर्मित चेंबरों को जेसीबी से ध्वस्त कराकर बंद करा दिया। यहां तीन भट्ठे पूर्व से बंद मिले। अतरौली में एसडीएम अनिल कटियार के नेतृत्व वाली टीम ने कुल 29 ईंट भट्ठों का सत्यापन किया, जिसमें से 14 मौके पर बंद मिले। अंकित ईंट उद्योग बिजौली, ओम शांति ईंट उद्योग पीढ़ौल, आरती ईंट उद्योग चैंडोली बुजुर्ग, श्रीराम ईंट उद्योग चौमुंहा को पानी डालकर बंद करा दिया। तहसील खैर में चार भट्ठे पूर्व से बंद मिले। यहां एक ईंट-भट्ठे को बंद कराया गया है।

## परीक्षा में अंक कम आए तो छात्र ट्रेन के आगे कूदा, मौत

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** टूंडला में सीबीएसई की इंटरमीडिएट परीक्षा में कम अंक आने पर झांसी के एक छात्र ने टूंडला स्टेशन के पास ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। छात्र गाजियाबाद में मामा के घर रहकर इंग्लिश स्पीकिंग का कोर्स कर रहा था। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है। झांसी के तहसील मऊरानीपुर क्षेत्र के गांव उल्दन निवासी शिक्षक राजीव व्यास का 19 वर्षीय पुत्र संस्कार व्यास इंटरमीडिएट का छात्र था। इसी वर्ष उसने सीबीएसई की परीक्षा दी थी। इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद वह इंजीनियरिंग करना चाहता था। इंग्लिश स्पीकिंग सही करने के लिए 20 दिन पूर्व वह अपने मामा



राजनारायण निवासी गाजियाबाद के यहां कोचिंग करने पहुंच गया था। सोमवार दोपहर परीक्षा परिणाम आया था तो परीक्षा में उसके उम्मीद से कम 65 प्रतिशत अंक आए। इससे वह आहत था।

वहीं कम अंक आने पर उसकी मां वंदना देवी ने उसे कड़ी मेहनत करने व मोबाइल से दूर रहे को कहा था। वह दोपहर एक बजे के करीब अपनी मामी आरती से थोड़ी देर में लौटने की बात कहते हुए घर से निकल गया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। मामा उसकी तलाश कर रहे थे। इस बीच छात्र संस्कार ने रात 8:15 बजे करीब टूंडला स्टेशन के निकट खंभा नंबर 1249/28 के पास दिल्ली की ओर से आ रही गरीबरथ एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजन के मुताबिक छात्र दो भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। फिरोजाबाद जिला अस्पताल पहुंची मां वंदना, मामा राजनरायन व मामी आरती का रोते हुए बुरा हाल था। थाना प्रभारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि छात्र ने ट्रेन से कटकर जान दी है। मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

## ट्रक ने छात्रा और फिर महिला को रौंदा, मौत

एनएनआई

**मैनपुरी।** जिले में ट्रक की रफ्तार ने छात्रा और एक महिला की जान ले ली। ट्रक ने पहले छात्रा को रौंदा और उसके बाद कुछ आगे चलकर बाइक सवार देवर-भाभी को कुचल दिया। हादसे में छात्रा और महिला की मौत हो गई। वहीं देवर की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं लोगों ने आरोपी ट्रक चालक को दबोच लिया, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थाना दन्नाहार क्षेत्र के गांव लालपुर सगोनी निवासी रागिनी राजपूत (18) आईटीआई की छात्रा थी। बुधवार की दोपहर वह साइकिल से आइटीआई आ रही थी, तभी एफसीआई गोदाम के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की बाद ट्रक चालक ने गाड़ी को और तेज दौड़ा दिया।



करहल चौराहा के पास एक बाइक सवार देवर-भाभी को टक्कर मार दी। हादसे में रमा चौहान (26) की घटनास्थल पर ही मौत हो गति। देवर संदीप घायल हो गया।

मैनपुरी इटावा मार्ग पर ट्रक से दो हादसों के बाद जाम के हालत बन गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जाम को खुलवाकर मार्ग का आवागमन सुचारू कराया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

## एकतरफा प्रेम में छात्रा के साथ दुराचार का प्रयास

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में छात्रा के इन्कार से नाराज मनचले ने छात्रा के साथ दुराचार करने का प्रयास किया। उसे बदनीयती से घर में घुसकर घसीटकर ले जाने लगा। विरोध करने पर चाकू से हमला किया। इस घटना में छात्रा के सिर में चोट आई है। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की रहने वाली युवती बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। गांव का ही रहने वाला एक युवक आए दिन उसे कोचिंग पढ़ने जाने के दौरान परेशान करता है। उसके साथ अश्लील हरकतें करता है, जिससे छात्रा परेशान हो गई। आरोप है कि आरोपी छात्रा पर शादी करने का दबाव बना रहा था। छात्रा के इन्कार से नाराज होकर आरोपी गत 12 मई को 10 लोगों के साथ जबरन उसके घर में घुस आया और बदनीयती से छात्रा को घसीटकर ले गया। जहां उसने दुराचार का प्रयास किया। जब छात्रा ने घटना का विरोध किया तो आरोपी ने चाकू से छात्रा पर हमला कर दिया।



# गुरबत के शिक्षा के अधिकार को दिखा रहे 'ठेंगा'

एनएनआई

- प्रथम चरण के आवेदक गरीब बच्चों को अभी तक नहीं मिला निजी स्कूलों में प्रवेश
- सरकार की मंशा को धता बताने वाले स्कूलों पर जिलाधिकारी की चेतावनी भी बेअसर

**एत्मादपुर (आगरा)।** जनमन की गुरबत की झोपड़ी भी शिक्षा के सुखद उजाले से वंचित न रहे, इसी मंशा से शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून लागू किया गया, लेकिन इस कानून को गरीब तबके के बच्चों को चयनित निजी स्कूलों में प्रवेश तक नहीं मिल पा रहा है। गरीब वंचितों के सामाजिक उत्थान की इस योजना को निजी स्कूलों के माफिया संचालक तो बेखौफ ठेंगा दिखा रहे हैं। शिक्षा अधिकारी अधिनियम प्रथम चरण में स्वीकृत आवेदनों पर महीनों बाद भी गरीब बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी की शिक्षा के मंदिरों को व्यावसायिक दुकान के रूप में संचालित करने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी बेअसर साबित हो रही है। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत महंगी शिक्षा से वंचित समाज के निर्बल और अति निर्बल आय वर्ग वाले बच्चों के लिए प्रदेश के सभी निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी बच्चों के आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

पहले चरण की प्रक्रिया में 6 मार्च 2024 को प्राप्त आवेदनों के अनुसार निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को प्रवेश की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है, लेकिन शिक्षा के मंदिरों को दुकान बनाने वाले स्कूल संचालक सरकार की इस जनकल्याणकारी मंशा को कतई फलीभूत होने देने के पक्ष में नहीं हैं। छोले भटूरे बेचने वाले मोहल्ला सतौली निवासी जितेन्द्र कुमार जब नगर के समीप स्थित बड़े प्राइवेट स्कूल में योजना का लाभ पाने के लिए अपने बच्चों का प्रवेश कराने के लिए पहुंचे तो पहले तो उनसे तमाम सवाल पूछे गए और फिर घर आकर सर्वे करने की कहकर टरका दिया गया। कहा गया कि शिक्षा विभाग का सर्वे हम नहीं मानते, शिक्षा विभाग की सूची में नाम शामिल है तो क्या? हम स्वयं घर पर जाकर मानक के तहत पात्रता की जांच कराएंगे। एक अभिभावक ने बताया कि इसी निजी स्कूल में अपने बच्चे को प्रवेश दिलाने के लिए उनसे दलाल के माध्यम से पचास हजार रुपए की मांग की जा रही है। मोहल्ला सत्ता के रामकिशोर अपने बेटे का प्रवेश कराने के लिए दो महीने से एक अन्य निजी स्कूल के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सफलता न मिलने पर उन्होंने अब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी तक की है। उनका कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी को वह पहले शिकायत दे चुके हैं। विभाग ने उनके बेटे को जो स्कूल आवंटित किया है उसका प्रबंधतंत्र घर की दूरी स्कूल से पांच किलोमीटर होने का बहाना बनाकर टालमटोल कर रहा है। जबकि जांच के नाम तमाम प्रक्रियाएं पूरी करवा ली गई हैं, लेकिन बेटे का दाखिला नहीं किया जा रहा है। पंखा मोटर भरने वाले बाबूलाल हों या फिर सब्जी विक्रेता राम भरोसी हर कोई इसी प्रकार की निजी स्कूल संचालक के व्यवहार की राम कहानी सुनाते हुए सरकारी चाबुक चलने का इंतजार कर रहा है।

## घर के बाहर से चोरी कर ले गया बाइक

आगरा। जगदीशपुरा के विनय नगर में नकाबपोश चोर सड़क पर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। इससे पहले चोरों ने रेकी। वारदात सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है। विनय नगर निवासी नरेंद्र करमचंदानी ने घर के सामने पेड़ के नीचे अपनी बाइक खड़ी की थी। पूर्वान्ह 11:30 बजे एक युवक घर के सामने गुजरा। वह पहले बाइक के पास जाता है, फिर लोगों को आता देख आगे चला जाता है। एक दूसरी बाइक पर उसका साथी सफेद कपड़ों में है। जिससे नकाबपोश खड़ा होकर बात करता है। फिर बाइक के पास जाकर एक झटके में उसका लॉक तोड़ता है और बाइक चलाकर चला जाता है।

# शोध छात्रा की हत्या का आरोपी जमानत पर आया बाहर



एनएनआई

**आगरा।** दयालबाग के शिक्षण संस्थान की शोध छात्रा हत्याकांड का आरोपी उदय स्वरूप जेल से बाहर आ गया। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जमानतदारों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिहाई परवाना जेल पहुंचा था। इस पर उदय स्वरूप के अधिवक्ता और परिजन भी आ गए। जेल से बाहर आने पर आरोपी परिजन के साथ गया। 15 मार्च 2013 को शोध छात्रा की नैनो बायो टेक्नोलॉजी लैब में हत्या हुई थी। घटना के बाद विद्यार्थी आक्रोशित थे। सड़क पर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी उदय स्वरूप और यशवीर संधू को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रयास, हत्या और साक्ष्य नष्ट करने की धारा में चार्जशीट लगाई थी। फरवरी 2014 में दोनों आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। पुलिस के चार्जशीट लगाने के बाद जुलाई 2014 में विवेचना सीबीआई ट्रांसफर हो गई थी। सीबीआई ने दुष्कर्म, हत्या और साक्ष्य नष्ट करने की धारा में उदय स्वरूप के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। उदय को दोबारा जेल भेजा गया। आरोपी ने अपने अधिवक्ता की ओर से हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी। उदय स्वरूप के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में जमानत के लिए प्रपत्र दाखिल किए थे।

सत्यापन होने के बाद आरोपी का रिहाई परवाना बुधवार को जिला जेल पहुंचा। इस पर अन्य बंदियों के साथ उदय स्वरूप जेल से बाहर आया। इस दौरान उसके परिजन भी मौजूद रहे।

इस मामले में 55 गवाहों की गवाही कोर्ट में हो चुकी है। मामले में अगली सुनवाई 22 मई को होनी है। इसमें बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने हैं।

# पुलिस ने छीने बच्चे को पिता से वापस मां को दिलाया

## पत्नी को दी हिदायत, पिता को बेटे से मिलने से न रोका जाये




एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** गांव आबिदगढ़ से मामा के साथ बाइक पर जा रहे तीन साल के मासूम को उसका पिता साथियों के साथ साले की पिटाई कर बेटे को छीन ले गया था। पुलिस ने पति पवन की सहमति से मासूम बेटे वंशराज को मां लता को वापस दिलाया। साथ ही पत्नी को हिदायत दी कि पिता को बेटे से मिलने से न रोका जाये। मां बेटे से लिपट गई। उसकी आंखों से आंसूओं धारा बहने लगी। श्रीमती लता पुत्री राकेश सिंह निवासी गांव खेरिया खंदौली की शादी चार साल पहले सादाबाद हाथरस निवासी गिर्राज सिंह के पुत्र पवन सिंह के साथ हुई थी। पति से विवाद के चलते लता दो वर्ष से अपने बेटे वंशराज के साथ मायके में रह रही है। उसने बेटे का दाखिला भी समीप के स्कूल में करा दिया। गत दिवस वंशराज अपने मामा के साथ स्कूल बाइक से वापस आ रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे के समीप पवन कुमार अपने साथियों संग साले निर्मल के साथ मारपीट कर वंशराज को छीनकर अपने साथ ले गया था। निर्मल ने पुलिस कंट्रोल रूम के नम्बर 112 पर भांजे के अपहरण की सूचना दी थी। अपहरण की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पति पवन कुमार की सहमति से 3 वर्षीय मासूम वंशराज को मां लता की सुपुर्दगी में दिलाया। साथ ही लता को भी हिदायत दी कि पिता को बेटे से मिलने से न रोका जाये।

# युवती के यमुना में छलांग लगाने की आशंका

## लापता युवती की चप्पलें और साइकिल मिली यमुना पुल पर

एनएनआई

**बाह (आगरा)।** पिढ़ौरा थाना क्षेत्र में एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। करीब बीस वर्षीय युवती की चप्पलें और साइकिल यमुना नदी पुल के बलाई घाट पर मिलीं। आशंका जताई जा रही है कि युवती ने कहीं यमुना नदी में छलांग तो नहीं लगा दी। इस आशंका के चलते एनडीआरएफ की टीम द्वारा यमुना नदी में युवती की तलाश में सर्च रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक युवती साइकिल से खेत पर जाने का कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। अलबत्ता उसकी चप्पलें और साइकिल यमुना नदी के बलाई घाट पर मिलीं। युवती के यमुना नदी में छलांग लगाने की आशंका को लेकर पीएसी और एनडीआरएफ की टीम यमुना नदी तलाश करने में जुटी है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


# नर्सिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगा दी जान

- हरीपर्वत क्षेत्र के शास्त्री नगर में रहती थी किराए पर

एनएनआई



**आगरा।** हरीपर्वत क्षेत्र के खंदारी स्थित शास्त्री नगर में 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा सेजल का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मकान मालकिन की सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे में पहुंची। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच की जा रही है। सेजल मैनपुरी की रहने वाली थी। उसने बाग फरजाना स्थित नर्सिंग कॉलेज से कोर्स किया था। इन दिनों शास्त्रीनगर में ललिता शर्मा के मकान में किराये पर रही थी। नेशनल हाईवे स्थित एक अस्पताल से इंटर्नशिप कर रही थी। कल शाम करीब 7 बजे वह कमरे में गई। दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद बाहर नहीं निकली। रात 8 बजे मकान मालकिन ने दरवाजा खटखटाया, कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्हें शक हुआ। रात 9:45 बजे थाना हरीपर्वत के प्रभारी निरीक्षक आलोक सिंह को फोन कर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और खिड़की से देखा तो छात्रा पंखे के कुंडे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। छात्रा के मोबाइल की जांच की जाएगी।

### आखिरी बार छोटी बहन से की बात

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि सेजल ने शाम को 5 बजे आखिरी बार छोटी बहन ईवा से बात की थी। घटना की जानकारी पर परिजन पहुंच गए। उन्होंने बताया कि सेजल के साथ कमरे पर एक और छात्रा रहती थी। वह पढ़ाई के साथ ड्यूटी पर जाती थी। कल पेपर भी था, लेकिन सेजल नहीं गई। शाम को ड्यूटी करने भी नहीं पहुंची। ईवा ने बहन को फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। इस पर कोमल को बताया। कोमल ने मकान मालकिन को जानकारी दी तब घटना का पता चला। वह किस बात को लेकर परेशान थी। इस बारे में परिजन नहीं बता सके।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

गुरुवार, 16 मई, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र



# मंत्री पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट करने से कतरा रही पुलिस

## थाने-दर-थाने भटकने के बाद देर रात ली तहरीर, नहीं दी रिसीविंग

एनएनआई

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कर्मचारी ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश के मामले में कर्मचारी की पत्नी शिक्षा मंत्री के बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने-दर-थाने चक्कर काटती रही। देर रात थाना नाई की मंडी में तहरीर तो ले ली, लेकिन रिसीविंग नहीं दी। पीड़ित परिवार आज पुलिस आयुक्त से मिलकर आरोपी मंत्री पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा। पीड़ित कर्मचारी की पत्नी साक्षी ने बताया कि शाम को वह तहरीर लेकर थाना न्यू आगरा पहुंची। जहां उसकी तहरीर नहीं ली गई। कहा गया कि यह हमारे इलाके में नहीं आता है। थाना नाई की मंडी जाओ। इस पर वह थाना नाई की मंडी पहुंची, वहां भी सुनवाई नहीं हुई। बकौल साक्षी काफी टालमटोली के बाद देर रात थाने पर तैनात मुनीम ने साक्षी से तहरीर तो ले ली, लेकिन रिसीविंग नहीं दी। कहाकि इंस्पेक्टर साहब नहीं है। साक्षी आज पुलिस कमिश्नर से मिलेंगीं। मामला मंत्री के पुत्र से जुड़ा होने के चलते पुलिस भी हाथ डालने से कतरा रही है।



## लगवाते थे झाड़ू, साफ करवाते थे टॉयलेट

पीड़ित कर्मचारी दिनेश की पत्नी साक्षी ने तहरीर में लिखा है कि उनके पति से शिक्षा मंत्री के घर झाड़ू और पौंछा लगवाया जाता था। गाड़ियां और टॉयलेट्स भी साफ करवाते थे। विरोध करने पर डिप्टी रजिस्ट्रार पवन कुमार ने शिक्षा मंत्री के दबाव में नौकरी से बर्खास्त करने की धमकी देकर चुप करा दिया। तहरीर में साक्षी ने लिखा है कि संडे को काम पर न जाने पर अगले दिन शिक्षा मंत्री के छोटे बेटे आलौकिक उपाध्याय ने दिनेश को गालियां दीं। जातिसूचक शब्द बोले। लात-घूंसों से मारा। जूतों से पिटाई लगाई। धमकी दी कि कहीं भी शिकायत कर दे, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। पूरे विश्वविद्यालय को मैं और मेरे पिताजी चलाते हैं। अगर किसी से कुछ कहा तो तुझे जान से मरवा देंगे। साक्षी ने लिखा है कि अगर दिनेश को कुछ भी होता है तो इसके लिए जिम्मेदार उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और आलौकिक उपाध्याय ही होंगे।

# कर्मचारियों की सभी मांगें मानी

एनएनआई

- कर्मचारियों के आंदोलन के चलते विवि में नहीं हुआ कोई कामकाज
- डिप्टी रजिस्ट्रार पवन कुमार हटाए, ममता सिंह को सौंपी जिम्मेदारी

आगरा। विश्व विद्यालय के कर्मचारी को मंत्री के यहां नियमों के खिलाफ बेगार कराने के लिए लगाने और मंत्री पुत्र के उत्पीड़न से आजिज कर्मचारी दिनेश द्वारा जहर खाकर की गई जान देने की कोशिश को लेकर विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ में भारी उबाल है। कर्मचारियों ने ताले जड़ विश्व विद्यालय का कामकाज पूरी तरह ठप रखा। अध्यक्ष अखिलेश चौधरी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सुबह से दोपहर तक सभी ऑफिस बंद रखे। किसी भी कर्मचारी ने अपने पटल पर काम नहीं किया। दूसरे शहरों से आने वाले छात्र भी वापस लौट गए। वीसी ऑफिस के बाहर धरना दिया। मांगे रखीं कि विश्वविद्यालय दिनेश के इलाज का खर्चा उठाए। शिक्षा मंत्री के यहां दिनेश को अटैच करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाए। तीसरी मांग दिनेश को वापस विश्वविद्यालय में अटैच किया जाए। कर्मचारियों के विरोध के बाद कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देश पर अधिकारियों को संज्ञान में लिए बिना कर्मचारी को मंत्री आवास पर लगाने वाले सहायक कुलसचिव प्रशासन पवन से डिप्टी रजिस्ट्रार के दायित्वों से मुक्त कर उनकी जगह ममता सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुलसचिव राजीव कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत पवन कुमार को रजिस्ट्रार कार्यालय से अटैच कर दिया गया है।

इस मामले में आदेश जारी किए हैं, पवन कुमार को डिप्टी रजिस्ट्रार के दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। पवन कुमार डिप्टी रजिस्ट्रार प्रशासन थे। यह जिम्मेदारी अब डिप्टी रजिस्टार ममता सिंह को दी गई है।



प्रो. आशु रानी, कुलपति डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी

# शिक्षा मंत्री पुत्र का फूंका पुतला

एनएनआई

- सपा छात्र सभा ने दी चेतावनी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो सड़कों पर उतर करेंगे आंदोलन

आगरा। विश्वविद्यालय के कर्मचारी दिनेश कुशवाह के साथ मंत्री पुत्र द्वारा की गई मारपीट के विरोध में सपा छात्रसभा ने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उनके पुत्र अलौकिक उपाध्याय का एमजी रोड पर स्पीड कलर लैब के समीप पुतला दहन किया। चेतावनी दी कि जल्द ही मुकदमा दर्जकर आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गई तो सपा छात्र सभा उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। पीड़ित कर्मचारी दिनेश कुशवाहा विश्वविद्यालय में माली है। उसने उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के पुत्र अलौकिक उपाध्याय के उत्पीड़न से तंग आकर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। एलान किया कि विश्वविद्यालय के कर्मचारी को न्याय नहीं मिला तो सपा छात्रसभा सड़कों पर उतर कर आंदोलन को बाध्य होगी। पुतला दहन के दौरान छात्रसभा महानगर अध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, आफताब कुरैशी, ओम पंडित, विजय यादव, ललित राज, जितेंद्र धनगर, रघुवीर वाल्मीकि, निशांत लकी, समीर वाल्मीकि, अनोज यादव, अभिषेक वाल्मीकि, शिवम यादव, मंजीत कुमार, रामखिलाड़ी, अभिषेक बघेल, सिद्धार्थ पुंडीर, शिवम बघेल, विकास चौधरी, अनुराग यादव, देवांश सिकरवार, अभय यादव आदि मौजूद रहे।



## समिति से नहीं न्यायिक जांच कराई जाए

आगरा। आत्महत्या को मजबूर कर्मचारी के मामले की जांच समिति से नहीं बल्कि न्यायिक जांच कराई जाए। यह कहना है सपा और कांग्रेस नेताओं का। संयुक्त प्रेसवार्ता में सपा के शहर उपाध्यक्ष निर्देश शर्मा ने कहाकि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच हो। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अपूर्व शर्मा का कहना था कि कुलपति द्वारा गठित जांच समिति से वह संतुष्ट नहीं हैं। इस मामले में अन्य समिति का गठन किया जाए। जांच समिति में रिटायर्ड अधिकारी और छात्र संगठनों के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गौरव शर्मा का कहना था कि जो भी कर्मचारी शिक्षा मंत्री के यहां अटैच हैं, उनके नाम सार्वजनिक किए जाएं।

## चौधरी चरण सिंह विवि कर्मचारी संघ भी समर्थन में आया

आगरा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री पुत्र के उत्पीड़न से विश्व विद्यालय कर्मचारी द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कर्मचारियों के आंदोलन को चौधरी चरण सिंह विश्व विद्यालय कर्मचारी संघ मेरठ ने भी समर्थन दिया है। उन्होंने डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्व विद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी को भेजे पत्र में उनके आंदोलन में हर कदम में साथ देने का वादा किया है।

## परेशान घूमते रहे विद्यार्थी



आगरा। विश्व विद्यालय में कर्मचारियों की तालबंदी हड़ताल के चलते छात्र-छात्राओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। विश्व विद्यालय में अपने काम से आए छात्र-छात्रा इधर से उधर भटकते रहे, लेकिन उन्हें कोई राह दिखाने वाला नहीं थी। हड़ताल के चलते कार्यालयों में ताले लटके होने से सुबह से शाम तक विश्व विद्यालय की चौखट-दर-चौखट भटकते विद्यार्थी शाम को बैरंग वापस लौट गए।

# डीएम को किशोर गृह के निरीक्षण में मिली खामियां, नोटिस दिया

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी ने राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) सिरौली मलपुरा का औचक निरीक्षण किया तो तमाम खामियां उजागर हुईं। इस दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह भवन का ठीक से मेंटीनेंस न होने, विभिन्न व्यवस्थागत खामियों, उचित साफ-सफाई न होने, पत्रावलियों का सही रखरखाव न किए जाने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। नोटिस देकर 7 दिन में जवाब मांगा है। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में औचक निरीक्षक में आवासित बालकों के आवास कक्ष, भोजनशाला, साफ सफाई, उपलब्ध आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में बताया गया कि राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में कुल 166 बच्चे आवासित हैं। इसमें आगरा के 52, अलीगढ़ के 42, कासगंज के 34, फिरोजाबाद के 27, एटा के 9, कानपुर देहात और फरुखाबर्ाद का एक-एक बच्चा है। डीएम भानुचंद्र गोस्वामी ने निरीक्षण में पाया कि भवन की दीवारों से रंगाई-पुताई व जगह जगह से प्लास्टर झड़ रहा है। खिड़कियां, शौचालय, टाइल्स अन्य सौंदर्यीकरण तथा व्यवस्थाओं का लो लेवल मेंटीनेंस है। पूछने पर बताया गया कि 1 वर्ष पूर्व ही मरम्मत का कार्य कराया गया है। लापरवाही व उचित रखरखाव न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी और प्रभारी अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। डीपीओ को नोटिस जारी करने और 7 दिन में जवाब देने व शासन को पत्र भेजने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने सभी आवासीय कक्षों का निरीक्षण किया। गंदगी व उचित साफ सफाई न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। संप्रेषण गृह के स्टाफ, केयर टेकर, रसोइया, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गार्ड, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी इत्यादि के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 2 पद खाली हैं। डीएम ने शासन को पत्र लिखकर खाली पद भरने के लिए निर्देशित किया। बजट संबंधी पत्रावलियों को तलब किया। वर्तमान वित्तीय वर्ष के साथ, विगत वर्ष के आय-व्यय के हिसाब और उसके स्टॉक रजिस्टर का अपने सामने मिलान कराया। निरीक्षण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय पाल सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों को फार्म भरने का एक मौका और दिया जाए

**आगरा** एनएनआई। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी हो गया। परीक्षाएं 28 मई से 29 जून तक चलेंगी। परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम दिन था, लेकिन 3.57 लाख में से 2.35 लाख छात्रों ने ही परीक्षा फॉर्म भरे हैं। कॉलेजों के लॉग इन आईडी नहीं खोले गए थे। इस वजह से छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए। विश्वविद्यालय स्नातक और परास्नातक की सम सेमेस्टर परीक्षाएं कराने वाला है। परीक्षाएं तीन पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 7 से 9, दूसरी पाली सुबह 10 से 12 और तीसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। छात्रों को बुधवार तक परीक्षा फॉर्म भरने थे, लेकिन एक लाख से ज्यादा छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाएं हैं। जिन कॉलेजों ने इंटरनल

**विश्व विद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं 28 मई से हो रहीं शुरू**

परीक्षा के नंबर उपलब्ध नहीं कराए थे। उन कॉलेजों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। जिन कॉलेजों ने जुमार्ना नहीं भरा, उनके लॉग इन आईडी नहीं खोले गए। इन कॉलेजों के छात्र फॉर्म नहीं भर पाए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश का कहना है कि छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अब 500 रुपये लेट फीस जमा करनी होगी। एसोसिएशन ऑफ सेल्फ फाइनेंस एजुकेशनल इंस्टीट्यूयंस के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर चौधरी ने कुलपति को पत्र लिखकर डेट आगे बढ़ने की मांग की है। डॉ. चौधरी का कहना है कि छात्र चुनाव के कारण फॉर्म नहीं भर पाए थे। उन्हें एक मौका और दिया जाए।

# अब इलेक्ट्रिक एसी बसों का मिलेगा सफर

**आगरा** एनएनआई। शहर में सार्वजनिक परिवहन को गति देने के लिए इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसें आएंगी। इसको राज्य स्तर से हरी झंडी मिल गई है। शहर में लोगों को जल्द ही 200 किमी. तक जाने के लिए रोडवेज की इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा शासन से आचार संहिता हटने के बाद 50 ई-बसें आगरा को मिलने जा रही हैं। इनको आईएसबीटी से विभिन्न मार्गों पर चलाया जाएगा। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने बताया कि अभी आगरा शहर और आसपास के कस्बों से ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। अब आगरा से 200 किमी. तक के सफर के लिए शासन से 50 ई-बसें मिलने जा रही हैं। इन बसों का संचालन आगरा फोर्ट डिपो और आईएसबीटी से किया जाएगा। आगरा से 200 किमी. की परिधि में आने वाले शहरों को बसों का संचालन किया जाएगा। इनका किराया भी डीजल से चलने वाली बसों से कम होगा। यात्रियों को एयरकंडीशन ई-बसों में सफर का आनंददायक अनुभव होगा। बीपी अग्रवाल ने कहा कि ई-बसों के संचालन से प्रदूषण में कमी आएगी और डीजल की खपत भी कम होगी।

**शहर को जल्द मिलने जा रही हैं पचास ई-बसें**
**ई-बसें दो सौ किमी. तक के दायरे में चलेंगी**




# शिक्षाविदें का लक्ष्य ज्ञान को आगे बढ़ाना: एमएलसी

**छात्र असफलता को स्वीकार कर पुनः करें परिश्रम**

**शिक्षा स्वावलंबन में शिक्षाविदों की भूमिका हुई विचार गोष्ठी**

एनएनआई



**आगरा।** शास्त्रीपुरम स्थित रवि ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन द्वारा शिक्षा स्वावलंबन में शिक्षाविदों की भूमिका और मार्गदर्शन विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष एमएलसी डॉ. आकाश अग्रवाल, असवा के प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, ग्रुप चेयरमैन डॉ. रविंद्र मोहन पचौरी, निदेशक राकेश भटनागर और प्रधानाचार्य डॉ. राहुल तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. आकाश अग्रवाल ने कहाकि शिक्षाविदों का लक्ष्य समाज के लिए प्रासंगिक क्षेत्रों में ज्ञान को आगे बढ़ाना है। शिक्षा स्वावलंबन का मतलब है कि छात्र ने अपनी हर कार्यशक्ति का सही इस्तेमाल करना सीख लिया है। अगर कोई छात्र रोज तीन घंटे काम करके अपनी जीविका के लिए पैसा कमा लेता है, तो वह अपनी विकसित बुद्धि और आत्मा को लगाकर उस काम को करने पर ज्यादा पैसा कमा सकता है। धनोपार्जन को दूसरे स्थान पर रखते हुए शिक्षा को पहले स्थान पर रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मधुसूदन शर्मा ने कहाकि स्वावलंबन व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव में भी बढ़ोतरी करता है। शिक्षा और स्वावलंबन के सहारे हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। चेयरमैन डॉ. रविंद्र मोहन पचौरी ने कहाकि इण्टर के बाद अपनी क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थी को रोजगार परक कोर्स कि पढ़ाई करनी चाहिए। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षक को उन्हें डिजिटल व तकनीकी क्षेत्र में जाने के लिए प्रेरित करें। संगोष्ठी में डॉ. संगीता बघेल, नेत्रपाल सिंह चौहान और वीरेंद्र मित्तल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में 60 इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ. सतीश कुमार, डॉ. केपी तिवारी, अरुन मिश्रा, भुवनेश कुमार, धर्मेंद्र त्यागी, अशोक कुमार, संजीव शर्मा, त्रिलोकी शर्मा, अभिषेक शर्मा, पवन धाकड़, डॉ. करन सिंह, संतोष चौधरी, कृष्णकांत, मिताली, राजकुमार, सोहन लाल, धर्मेंद्र, अक्षय आदि मौजूद रहे। संचालन जितेंद्र परिहार और पूजा पाठक ने किया। धन्यवाद डॉ. आरके मिश्रा ने दिया।

# उपाध्यायश्री विहसंत सागर ससंघ का राहुल विहार में हुआ मंगल प्रवेश

एनएनआई

**आगरा।** मेडिटेशन गुरू उपाध्याय विहसंत सागर महाराज और मुनिश्री विश्वसम्य सागर महाराज ससंघ ने छीपीटोला पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैंडबाजों संग मंगल विहार कर छीपीटोला चौराहा, निर्मल सेवा सदन, बालूगंज चौराहा, मेहर सिनेमा, राजपुर चुंगी चौराहा, शमशाबाद रोड, इन्द्रापुरम कॉलोनी होते हुए चिन्तामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर राहुल विहार पर पहुंचे। जहां जैन समाज ने उपाध्यायसंघ का पाद प्रक्षालन और मंगल आरती कर स्वागत किया। उपाध्यायसंघ ने मन्दिर में भगवान पार्श्वनाथ सहित अन्य प्रतिमाओं के दर्शन किए।

भक्तों ने महाराजश्री के समक्ष श्रीफल और शास्त्र भेंटकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उपाध्याय श्री ने कहाकि शिखर स्मृति का प्रतीक होता है। चैत्यालय और मंदिर में यही फर्क होता है। जिसमें शिखर नहीं है वह चैत्यालय कहलाता है। भगवान के दर्शन का जो पुण्य मिलता है, वह दूर से शिखर को प्रणाम करने से मिल जाता है। जहां शिखर होता है उसके 18 किलोमीटर दायरे में आधि, व्याधि, भूत-प्रेत और बीमारी नहीं होती। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि मेडिटेशन गुरू उपाध्याय विहसंत सागर महाराज और मुनिश्री विश्वसम्य सागर महाराज ससंघ का 17 मई को श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर बगदा बरौली अहीर शमशाबाद रोड के लिए मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर सचिन जैन, दिलीप जैन, ताराचंद जैन, डॉ. पवन जैन, रोहित जैन, विशाल जैन, राहुल जैन, रामबाबू जैन, योगेश जैन, सचिन जैन आदि शामिल रहे।



# मंडलायुक्त ने की एडीए की समीक्षा

एनएनआई



**आगरा।** मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में आज बुधवार को आगरा विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम बैठक में एडीए की विभिन्न योजनाओं में रिक्त व बिक्री हेतु उपलब्ध संपत्तियों की समीक्षा की गयी। अवगत कराया गया कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत एचआईजी/एमआईजी के 44 भूखंड बिक्री हेतु तैयार हैं। विगत फरवरी माह में हुई बैठक से अब तक सिर्फ 8 आवासीय भवनों का आवंटन किया गया है जबकि 1480 भवन अभी भी रिक्त हैं। इसके अलावा पंजीकरण के माध्यम से 112 भवन, नीलामी के माध्यम से 361 एवं प्रथम आवत प्रथम पावत के तहत 798 भवन विक्रय हेतु उपलब्ध हैं। वहीं अनावासीय में 9 विभिन्न योजनाओं में 315 संपत्ति बिक्री हेतु उपलब्ध है। रिक्त भूखंड और भवन की बड़ी संख्या एवं बिक्री की दिशा में खास प्रयास न करने पर मंडलायुक्त महोदया ने नाराजगी जताई। सभी योजनाओं के रिक्त व उपलब्ध भूखंड एवं आवासीय/अनावासीय भवनों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के साथ ही संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 जून से पंजीकरण खोलने के निर्देश दिये। वहीं फाइनेंसियल संस्था के माध्यम से बिक्री करने को कहा। एडीए हाइट्स में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य को 10 जून तक पूर्ण करने अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारी के खिलाफ जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये। केटल कॉलोनी के संबंध में अवगत कराया गया कि गत माह पशुपालकों/डेयरी संचालकों के साथ बैठक की गयी। ग्राम बुढाना में वर्ष 2018 में निर्धारित मूल्य पर भूमि खरीदने में असमर्थता जाहिर की गयी। ग्राम बुढ़ाना के अलावा अन्य चार स्थलों पर भूमि क्रय को लेकर बात की गयी है। मंडलायुक्त महोदया ने चयनित सभी स्थलों की स्थिति एवं निर्धारित मूल्य की पूरी रिपोर्ट से उन्हें अवगत कराये जाने के निर्देश दिये। ओल्ड ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर निर्देश दिए कि यहां की हालत काफी खराब है। इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं में सुधार किया जाए।

संपत्तियों की बिक्री से होने वाली आय के बारे में अवगत कराया गया कि वर्ष 2023-24 में 150 करोड़ प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया था जिसके सापेक्ष 133 करोड़ यानि लगभग 90 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। आगामी वित्तीय वर्ष में लगभग 400 करोड़ प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। किराये पर दी जाने वाली संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि 24 संपत्तियों से समय पर पूर्ण भुगतान प्राप्त हो रहा है। जबकि लंबे समय से किराया भुगतान न करने पर लगभग 26 संपत्तियों का आवंटन निरस्त किया जा रहा है। इसके अलावा 12 संपत्तियां अभी रिक्त हैं। मंडलायुक्त ने आंवटन निरस्त होने के बाद सभी रिक्त संपत्तियों को पुनः आंवटन करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं कोर्ट में विचाराधीन 23 मामलों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। नवंबर 2023 में कुल 4660 बकायेदार थे। इनके खिलाफ वसूली व 93 संपत्तियों के आवंटन निरस्त के बाद अब वर्तमान में कुल 4400 बकायेदार हैं। बकायेदारों के खिलाफ लचर कार्यवाही पर नाराजगी जताई। बड़े बकायेदारों के खिलाफ प्रमुखता से एक्शन लेने के निर्देश दिए।



# मानसून

## के 31 मई के आसपास केरल पहुंचने की संभावना



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 31 मई के आसपास केरल पहुंचने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी ने कहा, इस साल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 31 मई को केरल पहुंचने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को कहा, यह जल्दी नहीं है। यह सामान्य तारीख के करीब है क्योंकि केरल में मॉनसून की शुरूआत की सामान्य तारीख एक जून है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 वर्षों में केरल में मॉनसून की शुरूआत की तारीख में व्यापक रूप से भिन्नता रही है, जिसके तहत राज्य में मॉनसून ने सबसे जल्दी 11 मई, 1918 को जबकि सबसे देरी से 18 जून, 1972 को दस्तक दी थी।

आंकड़ों के अनुसार, केरल में पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को मॉनसून की शुरूआत हुई थी। पिछले महीने, आईएमडी ने जून से सितंबर तक चलने वाले दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था। जून और जुलाई को कृषि के लिए सबसे महत्वपूर्ण मॉनसूनी महीना माना जाता है क्योंकि इस अवधि में खरीफ फसल की अधिकांश बुआई होती है।

देश के कुछ हिस्सों ने अप्रैल में भीषण गर्मी का सामना किया, जिसमें अधिकतम तापमान ने कई राज्यों में रिकॉर्ड तोड़ दिए और स्वास्थ्य और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित किया। भीषण गर्मी पावर ग्रिड पर दबाव डाल रही है और जल निकायों को सुखा रही है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में सूखे जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। इसलिए, सामान्य से अधिक मॉनसूनी बारिश की भविष्यवाणी देश के लिए एक बड़ी राहत के रूप में आई है। भारत के कृषि क्षेत्र का 52 फीसदी मॉनसून पर निर्भर है। यह देशभर में बिजली में बिजली के उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलायशों को फिर से भरने के लिए महत्वपूर्ण है।

## पद्मश्री मालती जोशी का 90 साल की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** पद्मश्री लेखिका और कहानीकार मालती जोशी का बुधवार को 90 साल की आयु में निधन हो गया। उन्होंने अपने बेटे, साहित्यकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी के आवास पर पर अंतिम सांस ली।



उनका अंतिम संस्कार आज दिल्ली के लोधी रोड श्मशान घाट में होगा। पारिवारिक सूत्रों ने मालती जोशी के निधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जोशी की कहानी कहने की शैली ने देश भर के कई विश्वविद्यालयों में उनके साहित्यिक कार्यों पर किए गए शोध से उन्हें एक विशिष्ट पहचान दिलाई। मालती जोशी को 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

# केदारनाथ में उमड़ रहा आस्था का सैलाब...

### छह दिन में दर्शन को पहुंचे डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु, बना नया रिकॉर्ड

**देहरादून।** केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के बाद छह दिन में ही दर्शनार्थियों का आंकड़ा डेढ़ लाख के पार हो गया है। बुधवार को रिकॉर्ड 29278 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस दौरान तड़के से देर शाम तक मंदिर परिसर सहित केदारपुरी में भक्तों की भीड़ जुटी रही।

वहीं, चारधाम यात्रा के लिए अब तक 27 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। जबकि तीन लाख 34 हजार 732 तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ में अब तक 1,55,584, गंगोत्री में 63,078, यमुनोत्री में 70,433 और बदरीनाथ में 45,637 तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। 10 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में इस बार आस्था, भक्ति और उल्लास अपने चरम पर है। कपाट खुलने के दिन जहां 29030 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। वहीं, बाद के दिनों में दर्शनार्थियों की संख्या औसतन 25 हजार बनी



हुई है। स्थिति यह है कि, धाम में सिर्फ छह दिन में ही दर्शन करने वालों की संख्या 155584 पहुंच गई है, जो नया रिकॉर्ड है। इससे पूर्व 2019, 2022 और 2023 में भी इतने दिनों में दर्शनार्थियों का आंकड़ा डेढ़ लाख नहीं पहुंचा था। बीकेटीसी के कार्यधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि जिस तरह से बाबा केदार के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, उससे लगता है कि मई माह में दर्शनार्थियों का आंकड़ा पांच लाख पार हो जाएगा। उधर, गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग से धाम पहुंचने वाले यात्रियों में कई यात्री शार्टकट रास्तों से आवाजाही कर रहे हैं। रामबाड़ा से ऊपर कैंचीदार मोड़ों से जाने के बजाय कई लोग घाटी व संकरे उबड़-खाबड़ रास्तों से आगे बढ़ रहे हैं। इससे दुर्घटना का खतरा बना है।

## रेवाड़ी से आ रहा बियर की पेटियों से भरा ट्रक पलटा

**हिसार।** फतेहाबाद के हिसार रोड पर मताना मोड़ से पास बियर की पेटियों से भरा ट्रक पलट गया। हादसा ट्रक के आगे पशु आने से हुआ। हादसे के चलते बियर की पेटियां सड़क पर गिर गई और अधिकतर बोतलें टूट गई। सडक पर ट्रक पलटने से हिसार की तरफ से आने वाला मार्ग बंद हो गया। सुबह 8 बजे तक मजदूरों की मदद से सुरक्षित बची बोतलों को अलग करने का काम चलता रहा। इसके चलते ट्रैफिक को दूसरी साइड से निकाला गया। हादसा सुबह 2 बजे का बताया जा रहा है। बताया जा रहा कि रेवाड़ी से बियर की 950 पेटियां लेकर ट्रक फतेहाबाद आ रहा था। जब ट्रक रात करीब 2 बजे मताना मोड़ के पास पहुंचा तो अचानक पशु आगे आ गया। उसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया।

## अंतरराज्यीय वेश्यावृत्तिः पांच सरकारी अधिकारियों सहित 21 गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में पुलिस ने अंतरराज्यीय सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पांच सरकारी अधिकारियों सहित कुल 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, 10-15 साल की पांच नाबालिग लड़कियों को आरोपियों के चंगुल से बचाया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार सरकारी अधिकारियों में एक पुलिस उपाधीक्षक और स्वास्थ्य सेवाओं के एक उप निदेशक शामिल हैं।

ईटानगर पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बुधवार को बताया कि ईटानगर में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली दो बहनें पड़ोसी राज्य असम के धेमाजी से नाबालिगों की तस्करी करके ले जा रही थीं। पुलिस को इनपुट मिला था कि चिंपू में नाबालिग लड़कियों से जुड़ा एक सेक्स रैकेट सक्रिय है। जिसके बाद राजधानी पुलिस ने चार मई को दोनों महिलाओं के आवास पर छापा मारकर दो नाबालिग लड़कियों को बचाया। नाबालिग लड़कियों ने खुलासा किया कि उन्हें दो बहनें धेमाजी से ईटानगर लेकर आई थीं। दोनों बहनों द्वारा उन्हें वेश्यावृत्ति में धकेल दिया गया।

### ईटानगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर शुरू की जांच

एसपी ने बताया कि नाबालिग लड़कियों की शिकायत के आधार पर ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। साथ ही बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को सूचित किया गया। जांच में पता चला कि धेमाजी से तस्करी करके लाई गईं दो और नाबालिग लड़कियां एक महिला की हिरासत में हैं, जिन्हें बाद में बचा लिया गया।

## शी जिनपिंग से मिले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने गुरवार को चीन पहुंचे। वह चाहते हैं कि युक्रेन में चल रहे युद्ध के लिए चीन का समर्थन करे।

अपने इस कार्यकाल में यह पुतिन की पहली विदेश यात्रा है। मार्च में वह पुनः निर्वाचित हुए हैं। लगभग छह माह पहले भी वे चीन गए थे। रूस के राष्ट्रपति दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए चीन गए थे। यूरोप के तीन देशों के दौरे से पिछले हफ्ते लौटे शी जिनपिंग ने मॉस्को के



साथ बीजिंग के संबंधों, सस्ते रूसी ऊर्जा आयात और पावर ऑफ साइबेरिया पाइपलाइन के माध्यम से स्थित गैर शिपमेंट सहित विशाल प्राकृतिक संसाधन तक पहुंचने की आलोचना को खारिज किया।

वहीं रूसी राजनीतिक विश्लेषक का कहना है कि पुतिन की चीन यात्रा चीन-रूस संबंध को बढ़ाना है। हालांकि दोनों ही नेताओं ने स्पष्ट रूप से मित्रता के बारे में बात नहीं की है। उन्होंने बताया कि दोनों ही नेता मुलाकात पर व्यापक साझेदारी और रणनीतिक साझेदारी पर बात करना चाहते हैं। एक ओर चीन यूक्रेन संघर्ष में एक तटस्थ पक्ष होने का दावा करता है। वहीं दूसरी ओर बीजिंग में विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और आम हित के अंतराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

## स्लोवाकिया के पीएम की हालत बेहद गंभीर



**ब्रातिस्लावा।** दुनियाभर के नेताओं ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हमले की निंदा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। फिको की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। पीएम फिको बुधवार (स्थानीय समयानुसार) हंडलोवा में गोलीबारी की घटना में घायल हुए। उनका अभी बांस्का बिस्ट्रिका शहर में उपचार चल रहा है। कथित शूटर को मौके पर गिरफ्तार किया गया और इलाके को खाली करा लिया गया। अमेरिका ने भी इस हमले की निंदा की और राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बाइडन ने एक्स पर लिखा, स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हमले की खबर सुनकर चिंतित हूं। जिल और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं और हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और स्लोवाकिया के लोगों के साथ हैं।

## संपादकीय

# आचार संहिता की जरूरत ही क्या है!

दुनियाभर में जितने कानून बनते हैं उतने ही रास्ते उन कानूनों से बचने के भी बनते हैं। इतिहास गवाह है कि सख्त से सख्त कानून भी अपराध नहीं रोक सका है। देश में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं और लगभग हर दिन किसी न किसी नेता के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत चुनाव आयोग को भेजी जा रही है। प्रधानमंत्री के खिलाफ भी आयोग से शिकायत की गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भी खिलाफ भी शिकायत हुई। लेकिन तीन हफ्ते के बाद भी कार्रवाई का अता पता नहीं है।हर चुनाव में प्रधानमंत्री के भाषण को लेकर शिकायतें मिलती हैं लेकिन आयोग या तो चुप्पी साध लेता है या शिकायतों को रफा दफा कर देता है। अब तो चुनाव आयोग ने कार्रवाई करने से बचने का एक रास्ता यह निकाल लिया है कि अगर कोई स्टार प्रचारक आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो उस पर पार्टी अध्यक्ष से जवाब मांगा जाएगा।हालांकि यह तय नहीं है कि कार्रवाई किस पर होगी? क्या प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत सही मिलती है तो जेपी नड्डा को 24 घंटे या 48 घंटे के लिए भाषण देने से रोका जाएगा? और राहुल के मामले में कार्रवाई खड़गे पर होगी? बहरहाल, खड़गे की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है लेकिन भाजपा ने जवाब देने के लिए और समय मांग लिया है। इस बीच चौथे चरण का मतदान संपन्न हो चुका है।वैसे भी चुनाव आयोग के पास ज्यादा कुछ अधिकार होता नहीं है और यही कारण है कि उसकी आचार संहिता का पालन करने की जरुरत कोई नहीं समझता।ज्यादा से ज्यादा किसी नेता को एक दो दिन चुनाव प्रचार से रोक देगा।यही से हिप्पोक्रेसी और राजनीति के भ्रष्ट होने की शुरूआत होती है।चुनाव आयोग कहता है कि तीन से ज्यादा गाड़ियां लेकर कोई नामांकन करने नहीं जाएगा। उम्मीदवार आधिकारिक रूप से तीन गाड़ियों की अनुमति लेगा लेकिन उसके जुलूस में सैकड़ों गाड़ियां होंगी। इसी तरह पांच हजार लोगों की रैली करने की जहां अनुमति होगी वहां 50 हजार लोग जुटेंगे तब भी कहा जाएगा कि सब नियम के मुताबिक हुआ। लोकसभा चुनाव में एक क्षेत्र में 95 लाख रुपए खर्च करने की अनुमति है। उम्मीदवार चुनाव के बाद जब आयोग को ब्योरा देगा तो बताएगा कि उसने 10 ही लाख रुपए में चुनाव लड़ लिया, जबकि उसका वास्तविक खर्च करोड़ों में होगा। आयोग को भी पता होता है कि उसके सामने झूठे हलफनामे दिए जा रहे हैं लेकिन उसे भी खानापूर्ति करनी होती है। सवाल है कि क्या आचार संहिता को खत्म कर दिया जाना चाहिए?तभी साफ सुथरे, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की शुरूआत यहां से हो सकती है कि आचार संहिता खत्म कर दी जाए ताकि नेताओं को झूठ बोलने या झूठे हलफनामे देने की जरुरत न पड़े।तर्क दिया जाता है कि खर्च की सीमा हटा दी जाएगी तो साधारण आदमी कैसे चुनाव लड़ेगा? सीमा होने के बावजूद लोग बचने का रास्ता निकाल लेते हैं। साथ ही इस हकीकत का भी ध्यान रखने की जरुरत है कि लगातार करोड़पति सांसदों की संख्या बढ़ती जा रही है। यानी साधारण लोग पहले ही चुनाव से बाहर होते जा रहे हैं। जिस तरह से समाज को साफ सुथरा और बेहतर बनाने के लिए सख्त कानून से ज्यादा जागरूक नागरिक बनाने की जरुरत है उसी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष व साथ सुथरे चुनाव के लिए आचार संहिता से ज्यादा जरुरत अच्छे आचरण वाले नेताओं की है। अगर अच्छे नेता होंगे, ईमानदार नेता होंगे, लोकतंत्र और संविधान में भरोसा करने वाले होंगे तो उन्हें आचार संहिता की जरुरत नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से इस देश में जितनी कमी जागरूक नागरिक की है उतनी ही कमी अच्छे नेता की है।चुनाव प्रचार में नेता कुछ भी बोलते हैं। किसी पर कुछ भी आरोप लगाते हैं। जनता को बरगलाने के लिए कुछ भी वादे करते हैं। और जब चुनाव की प्रक्रिया समाप्त हो जाती है तो सब भूल जाते हैं। जिस पार्टी को देश विरोधी और जिस नेता को भ्रष्ट व परिवारवादी ठहराया होता है, उसके साथ जरुरत पड़ने पर गठबंधन कर लेते हैं। जनता के हाथ में कुछ नहीं होता है। नेता उसे छलते हैं। और यही कारण है कि लोगों का राजनीति से मोहभंग हो रहा है। उनमें उदासीनता बढ़ती जा रही है। नेताओं का आचरण उन्हें राजनीतिक प्रक्रिया से दूर होने के लिए मजबूर कर रहा है। नतीजा यह है कि चार चरण के मतदान में जनता का उत्साह देखने को नहीं मिला है और मतदान प्रतिशत पिछली बार के बराबर भी नहीं पहुंच पाया है। इस बार के चुनाव में सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बातें हो रही हैं। सिर्फ बड़े वादे नहीं किए जा रहे हैं, बल्कि एक दूसरे के बारे में झूठे दावे किए जा रहे हैं। कांग्रेस कह रही है कि भाजपा सत्ता में आएगी तो वह संविधान फाड़ कर फेंक देगी, आरक्षण खत्म कर देगी, लोकतंत्र समाप्त कर देगी, फिर चुनाव नहीं होंगे आदि आदि। दूसरी ओर भाजपा कह रही है कि कांग्रेस सत्ता में आ गई तो राममंदिर पर ह्रबाबरी तालाह्न लगा देगी, अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल कर देगी, आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दे देगी, देश में शरिया लागू कर देगी, देश की जमीन दूसरे देशों को दे देगी आदि आदि। इनके बीच जनता को फैसला करना है कि वे किसको चुनें। बस आचार संहिता ही गायब है।

# सियासतः पीएम की यूपी में चार रैलियां, बिहार की जनता को साधेंगे शाह; नड्डा-खरगे का ओडिशा दौरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा आज अलग-अलग जगहों पर चुनाव प्रचार कर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास करेंगे। पीएम मोदी उत्तर प्रदेश में चार सभाएं करेंगे। गृह मंत्री शाह बिहार में दो चुनावी रैलियां करेंगे। जेपी नड्डा ओडिशा दौरे पर तीन अलग-अलग जगहों पर चुनाव प्रचार करेंगे।

**प्रधानमंत्री का तूफानी चुनाव प्रचार, चार जिलों की जनता को साधेंगे**

भाजपा की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी उत्तर प्रदेश के लालगंज, जौनपुर, भदोही और प्रतापगढ़ में अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री शाह बिहार के मतदाताओं को साधने का जतन करेंगे। शाह सीतामढ़ी और मधुबनी में अलग-अलग जनसभाएं करेंगे।

**बिहार-ओडिशा की जनता को भी साधने की कवायद, कांग्रेस चीफ खरगे ने भी संभाली कमान**

मोदी-शाह के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गैर-हिंदी भाषी प्रदेश ओडिशा में पार्टी का जनाधार बढ़ाने का प्रयास करेंगे। नड्डा खोरधा में रोड शो करेंगे। इसके बाद बड़ागढ़ और सुंदरगढ़ जिलों में अलग-अलग जनसभाएं करने का भी कार्यक्रम है। नड्डा रोड शो के बाद लिंगराज मंदिर में दर्शन करने भी जाएंगे। तीनों शीर्ष भाजपा नेताओं के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज ओडिशा के कंधमाल में चुनाव प्रचार करने जा सकते हैं।

# शाह से मिलीं श्रीकला

## पति धनंजय ने बीजेपी को दिया था समर्थन, ये भी कर सकती हैं ज्वाइन

**नई दिल्ली।** जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकाती फोटो पोस्ट की। देखते ही देखते यह पोस्ट वायरल हो गई। हालांकि श्रीकला सिंह ने बताया कि उनकी ये मुलाकात गृह मंत्री अमित शाह से रविवार को उनके दिल्ली स्थित कार्यालय पर हुई थी।

श्रीकला सिंह ने बताया गृह मंत्री से उनकी मुलाकात आधे घंटे की ही। मंगलवार को उनके पति की समर्थकों संग बैठक होनी थी जिसमे चुनावी रणनीति पर चर्चा होनी थी। इस लिए उन्होंने यह तस्वीर कहीं भी साझा नहीं की थी। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान गृहमंत्री ने उनसे जौनपुर में चल रहे चुनावी माहौल, जिला पंचायत क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे काम, जिले की समस्याएं आदि पर चर्चा की।



श्रीकला ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के बारे में पूछने पर बताया कि वो पहले से ही बीजेपी से जुड़ी हैं। कुछ दिनों पूर्व बीजेपी द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान में उन्होंने सबसे अधिक सदस्य बनाने पर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि बीच में कुछ समय के लिए हालात अलग हुए नहीं तो बीजेपी से जुड़ाव हमेशा रहा है।

# 'राहुल गांधी की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने का योग नहीं'

## कौशांबी में गरजे केशव मौर्या



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या बुधवार को राहुल गांधी पर जमकर बरसे और कहा कि उनकी कुंडली में प्रधानमंत्री बनने का योग नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी को भगोड़ा भी बताया। केशव मौर्या ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश खुद अपना चुनाव हार रहे हैं। चार जून को नतीजे आने तो दीजिए। केशव मौर्या ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर के पक्ष में सिराथू के सैनी कृषि मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कांग्रेस, सपा बसपा पर निशाना साधा और कहा कि उनका खाता भी नहीं खुलगेगा। वहीं उन्होंने सरकार के कामों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वन्दन अधिनियम 2023 बनाया है इसके तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे हो सकता है कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित हो जाए। मौर्या ने कहा कि बीजेपी किसानों, नौजवानों और महिलाओं की पार्टी है। मोदी जी कहते है कि महिलाएं हमारी स्टार प्रचारक है।

# महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही भाजपाः मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला।

उन्होंने लिखा कि भाजपा महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही है। राशन से बदले वोट गरीबों के साथ मजाक है। भाजपा गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में विफल साबित हो रही है। मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कंपनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है।

# 'अच्छी बात है कि मोदी 600 पार नहीं कह रहे', कांग्रेस अध्यक्ष का तंज

**रायबरेली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के '400 पार' के नारे का तंज कसते हुए बुधवार को कहा कि यह अच्छी बात है कि मोदी '600 पार' नहीं कह रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने रायबरेली लोकसभा क्षेत्र स्थित हरचंदपुर के सराय उमर में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए दावा किया कि जून के पहले सप्ताह में मोदी सरकार को अलविदा कहने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस की सरकार सत्ता में आएगी। खरगे ने इस लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें जीतने से संबंधित प्रधानमंत्री मोदी के '400 पार' के नारे पर तंज भरे अंदाज में कहा, "अच्छा है कि मोदी 600 पार नहीं कह रहे हैं, क्योंकि लोकसभा में सीटों की संख्या 543 ही है।"

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार गरीबों से कट गई है और मुट्ठी भर उद्योगपतियों के हित के लिए काम कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दोहराया कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो भाजपा सरकार द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले मुफ्त राशन की मात्रा को दोगुना कर दिया जायेगा । उन्होंने मोदी सरकार की गरीबों को हर महीने पांच किलोग्राम राशन देने की योजना का जिक्र किया और कहा, कांग्रेस खाद्य सुरक्षा कानून लेकर आई थी। आपने (मोदी सरकार ने) कुछ नहीं किया।" खरगे ने कहा, "आप पांच किलो राशन दे रहे हैं, अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हम गरीबों को 10 किलो राशन देंगे।"

# एनिमल के बाद फिर खलनायक बनेंगे बॉबी देओल

अभिनेता बॉबी देओल को नेगेटिव किरदारों में काफी पसंद किया जा रहा है। आश्रम सीरीज में निराला बाबा की भूमिका में सराहना हटोरने के बाद फिल्म लव हॉस्टल और एनिमल में उन्हें नेगेटिव रोल में देखा गया। बीते दिनों आई खबरों में कहा गया था कि फिल्ममेकर प्रियदर्शन अपनी एक थ्रिलर फिल्म के लिए सैफ अली खान के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसकी शूटिंग जुलाई से आरंभ होनी है। फिल्म में सैफ नेत्रहीन शख्स की भूमिका में होंगे।



### फिर खलनायक बनेंगे बॉबी देओल

अब खबर है कि प्रियदर्शन ने इसमें खलनायक की भूमिका निभाने के लिए बॉबी देओल से संपर्क किया है। सूत्रों का दावा है कि बॉबी ने कुछ हफ्ते पहले इस विषय को सुना था और उन्होंने फिल्म करने में रुचि दिखाई है। उनके चरित्र के इर्द- गिर्द कहानी में कई ट्विस्ट और टर्न हैं। सूत्र ने आगे कहा कि बाबी इस बात को लेकर उत्साहित है कि फिल्म में उनका सामना सैफ के साथ होगा। बाबी के पास आगामी छह महीनों में कोई तारीख नहीं है।

### फिल्म से जुड़ना चाहते हैं बॉबी

हालांकि वह इस प्रयास में हैं कि फिल्म हाथ से न जाए और वह शूटिंग के लिए एक महीने का समय दे सकें। निमार्ताओं की योजना फिल्म की शूटिंग जुलाई से आरंभ करके अगस्त में पूरी करने की है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो अक्षय कुमार के साथ फिल्म शुरू करने से पहले प्रियदर्शन अपनी इस फिल्म को पूरा कर लेंगे।

### साउथ में भी होगा बॉबी का जलवा

बॉबी देओल के लिए साल 2023 बेहद खास रहा है। फिल्म एनिमल के लिए उन्होंने खूब तारीफ बटोरी थी। एनिमल में लीड रोल रणबीर कपूर ने निभाया था। पूरी फिल्म उन पर ही आधारित थी, लेकिन बॉबी देओल खुद के लिए जगह बनाने में कामयाब रहे थे। सिर्फ 15 मिनट के रोल के साथ उन्होंने अपनी ऐसी छाप छोड़ी कि चर्चा में रणबीर कपूर के बराबर रहे। अब एक्टर फिल्म कंगुआ में नजर आने वाले हैं।

# जैकलीन फर्नांडीज

## कान्स फेस्टिवल के रेड कारपेट पर करेंगी वॉक



दुनिया के सबसे बड़े इवेंट कान्स फिल्म फेस्टिवल का आगाज 14 मई से हो चुका है। इस समारोह में दुनिया भर के फिल्मकार अपनी-अपनी फिल्में लेकर पहुंच रहे हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री से भी कई सेलेब्स इस कारपेट में अपना जलवा दिखाने को तैयार है। इस साल 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल मनाया जा रहा है। इस इवेंट को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब खबर है कि इस साल कान्स में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज अपना जलवा दिखाती नजर आएंगे।

### जैकलीन ने खुद किया खुलासा

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज फ्रांस में कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, वह बीएमडब्ल्यू का प्रतिनिधित्व करते हुए रेड कारपेट पर चलने के लिए उत्साहित है। मैं इस साल एक बार फिर बीएमडब्ल्यू के सहयोग से कान्स फिल्म फेस्टिवल में जाने के लिए बेहद उत्साहित हूं और मैं इसके लिए इंतजार नहीं कर सकती। वैश्विक स्तर पर दक्षिण पूर्व एशियाई प्रवासी का प्रतिनिधित्व करना बहुत अच्छा लगता है और प्रतिष्ठित रेड कारपेट पर चलना एक सम्मान की बात है। जहां पहले से ही कई दिग्गज चल चुके हैं।

### जैकलीन का वर्कफ्रंट

जैकलीन जल्द ही सोनू सूद द्वारा निर्देशित फिल्म फतेह में अभिनय करेंगी। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का एक्शन से भरपूर टीजर रिलीज किया था। इसके अलावा वह उन्हें यम्मी यम्मी गाने में देखा गया था। जो लोगों द्वारा काफी हिट साबित भी हुआ।

# शेखर सुमन

## ने सेक्स वर्कर्स को लेकर कही बड़ी बात




संजय लीला भंसाली की ओटीटी वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार में शेखर सुमन के अभिनय को सिनेप्रेमियों से काफी तारीफ मिल रही है। एक्टर ने इस शो में ब्रिटिश राज के एक नवाब का किरदार निभाया है। जो मल्लिकाजान यानी मनीषा कोइराला के बेहद करीब हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में, शेखर ने इस बात पर अपने विचार रखते हुए खुलासा किया कि कैसे सेक्स वर्कर्स समाज में अपना योगदान देती हैं और समाज को सुरक्षित रखती हैं। हीरामंडी में नवाबों और तवायफों के बीच संबंध को दिखाया गया है। हीरामंडी में नवाबों और तवायफों के बीच संबंधों को दर्शाया गया है। शेखर ने कहा कि सेक्स वर्कर्स को अक्सर सिर्फ यौनकर्मी समझ लिया जाता है। उन्होंने कहा, यह समाज ही है जिसने उन्हें इस तरह बनाया है। शो में कई बार यह बताया गया है कि कोई भी महिला अपनी मर्जी से सेक्स वर्कर्स नहीं बनती। हालात अक्सर महिला को सेक्स वर्कर बनने पर मजबूर कर देते हैं। इन सबके बावजूद, समाज में उनका योगदान बहुत बड़ा है।



# डिंपल कपाड़िया-जीनत अमान की पोस्ट पर ट्विंकल खन्ना ने दी प्रतिक्रिया

अनुभवी अभिनेत्री जीनत अमान ने मंगलवार दोपहर को डिंपल कपाड़िया को एक प्यारा सा पोस्ट समर्पित किया और ट्विंकल खन्ना को टैग किया, उम्मीद है कि अभिनेता से लेखिका बनीं अभिनेत्री यह संदेश अपनी मां को देंगी, जो सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ट्विंकल खन्ना, जो नियमित रूप से इंस्टाग्राम पर अपने अनोखे पोस्ट से प्रशंसकों का मनोरंजन करती हैं, ने वास्तव में जीनत अमान का संदेश अपनी मां तक पहुंचाया। हुआ यूं कि जीनत अमान ने मंगलवार को एक पोस्ट में बताया कि किस तरह मुश्किल वक्त में डिंपल कपाड़िया उनके साथ खड़ी रहीं। कुछ घंटों बाद, ट्विंकल खन्ना ने पोस्ट को फिर से साझा किया और लिखा, कितनी प्यारी तस्वीर है और माँ कहती हैं कि आपके दयालु शब्दों के लिए धन्यवाद। अब जीनत अमान की नवीनतम इंस्टाग्राम प्रविष्टि पर वापस आते हुए, फिल्म छैला बाबू से एक ब्लैक एंड व्हाइट बीटीएस तस्वीर साझा करते हुए, जिसमें वह, निर्देशक जॉय मुखर्जी और डिंपल कपाड़िया शामिल हैं, सत्यम शिवम सुंदरम अभिनेता ने लिखा, मुझे याद नहीं आ रहा है कि यह तस्वीर कहाँ ली गई थी , लेकिन इसका निश्चित रूप से फिल्म छैला बाबू से कुछ लेना-देना है। शायद यह सेट से लिया गया एक बीटीएस शॉट है, क्योंकि जब कुर्सियाँ प्रोडक्शन चिल्ला रही होती हैं, तो मैं अपने कपड़ों में होता हूँ, मेरे साथ नहीं फिल्म के निर्देशक जॉय मुखर्जी और उत्साहपूर्ण डिंपल कपाड़िया, जो मुख्य अभिनेता से शादी होने के कारण सेट पर आते रहे होंगे।




# नीरज चोपड़ा ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीता स्वर्ण

## मनु को रजत पदक, जेना चूके






**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में चल रहे फेडरेशन कप के भाला फेंक स्पर्धा के नतीजे आ चुके हैं। भारत के स्टार एथलीट और टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने भी इसमें हिस्सा लिया और उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नीरज के अलावा किशोर जेना और डीपी मनु ने भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नीरज और जेना पहले ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं और इसी वजह से सीधे फाइनल्स में उतरे थे। नीरज ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, डीपी मनु 82.06 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उत्तम पाटिल ने 78.39 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

### नीरज-जेना और मनु के छह प्रयास

**पहला प्रयास**

पहले प्रयास में मनु ने 82.06 मीटर के थ्रो के साथ लीड बना ली। नीरज ने 82 मीटर का थ्रो किया, जबकि किशोर का पहला प्रयास फाउल रहा।

**दूसरा प्रयास**

मनु का दूसरा प्रयास 77.23 मीटर का रहा। नीरज का दूसरा प्रयास फाउल रहा। वह लाइन से आगे बढ़ गए थे।

**तीसरा प्रयास**

मनु का तीसरा प्रयास 81.43 मीटर का रहा। वहीं, नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 81.29 मीटर का थ्रो किया। जेना का तीसरा प्रयास फाउल रहा।

**चौथा प्रयास**

जेना ने अपने चौथे प्रयास में भी फाउल किया। वहीं, नीरज ने चौथे प्रयास में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ लीड बनाई। वह मनु से आगे निकल गए हैं। हालांकि, नीरज ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पाए हैं। मनु का चौथा प्रयास 81.47 मीटर का रहा।

**पांचवां प्रयास**

जेना का पांचवां प्रयास 75 मीटर से भी कम का रहा। उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। वहीं, मनु का पांचवां प्रयास 81.47 मीटर का रहा। नीरज ने पांचवें प्रयास से पास लिया और थ्रो नहीं किया।

**छठा प्रयास**

नीरज ने छठा प्रयास भी स्किप किया और थ्रो तक नहीं किया। उन्होंने खुद पर ज्यादा दबाव नहीं बनने दिया। वहीं, डीपी मनु का छठा प्रयास 75 मीटर भी पार नहीं कर सका। किशोर जेना का छठा प्रयास 75.25 मीटर का रहा।

### 26 साल के नीरज नहीं कर सके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

26 साल के नीरज इस टूनार्मेंट दोहा डायमंड लीग खेलकर आ रहे हैं। दोहा डायमंड लीग में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने वहां 88.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। वह चेक गणराज्य के जाकुब वादलेच से दो सेंटीमीटर से पिछड़ गए थे। जाकुब ने 88.38 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। फेडरेशन कप जेवलिन थ्रो के फाइनल में नीरज के अलावा किशोर जेना, डीपी मनु, रोहित कुमार, शिवपाल सिंह, प्रमोद, उत्तम बालासाहेब पाटिल, कुंवर अजयराज सिंह, मनजिंदर सिंह, बिबिन एंटोनी, विकास यादव और विवेक कुमार ने हिस्सा लिया। यह ओलंपिक क्वालिफिकेश का भी जरिया था। पेरिस ओलंपिक के भालाफेंक स्पर्धा में नीरज और जेना पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। बाकी एथलीट्स को क्वालिफाई करने के लिए 85.50 मीटर का दायरा पार करना था। हालांकि, कोई ऐसा नहीं कर पाया।

### ओलंपिक से पहले खुद पर ज्यादा दबाव नहीं देना चाहते थे नीरज

यह साफ दिखा कि नीरज चोपड़ा ने खुद पर बहुत अधिक दबाव नहीं दिया, क्योंकि वह चोट से लगातार जूझते रहे हैं और ओलंपिक से पहले खुद को फिट रखना चाहते हैं। उन्होंने केवल पांच दिन पहले डायमंड लीग कार्यक्रम में भाग लिया था। मनु ने कुछ बार 80 मीटर को पार किया, लेकिन जेना का इस साल भयानक प्रदर्शन जारी है। वह फेडरेशन कप में भी 76 मीटर का आंकड़ा नहीं पार कर पाए। ओलंपिक से पहले उन्हें काफी मेहनत करने की जरूरत है। नीरज को खेलता देखने के लिए स्टेडियम में काफी भीड़ उमड़ी थी। नीरज का चार थ्रो ही करना उनके लिए यादगार साबित हुआ। नीरज ने डीपी मनु पर 21 सेंटीमीटर की बढ़त के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह चौथे प्रयास के बाद ही अपना सामान पैक करते दिखे थे। अब नीरज 28 मई को वापस से प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। वह ओस्ट्रावा, चेकिया में टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे।

## जोनल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता रोमांचक फाइनल के साथ संपन्न



**गांदरबल।** अंडर-14 वर्ष के लड़कों के लिए अंतर-स्कूल जोनल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जीसीओपीई गडूरा गांदरबल में अपने रोमांचक समापन पर पहुंची, जिसमें वाईएसएस गांदरबल ने न्यू ड्रीमलैंड और कमरिया एचएसएस गांदरबल के बीच फाइनल मैच की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में जीसीओपीई गडूरा गांदरबल के प्रिंसिपल डॉ. हरतेज सिंह और डॉ. मुश्ताक आजाद क्रमशः मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। फाइनल मैच तीव्र नाटक और उत्साह का एक दिलचस्प प्रदर्शन था, जिसका समापन न्यू ड्रीमलैंड के खिलाफ 2-0 की स्कोर लाइन के साथ कमरिया एचएसएस गांदरबल की जीत में हुआ। डॉ. हरतेज सिंह ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान दोनों फाइनलिस्ट टीमों के समर्पण और खेल कौशल को मान्यता देते हुए उन्हें बधाई दी। विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए योग्य ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया। समानांतर में, जोन कंगन ने किजपारा कंगन में जोनल कार्यालय मैदान में अंडर-14 वर्ष के लड़कों के लिए एक रोमांचक अंतर-स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी की। जोन कंगन के 14 स्कूलों के कुल 152 छात्रों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच आज मुकाबला

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2024 का 66वां मुकाबला 16 मई को खेला जाना है। दोनों टीमें हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। गुजरात की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वहीं हैदराबाद की करें तो उसके प्लेऑफ में जाने के चांस हैं, एसआरएच ने 12 में से 7 मैच जीतकर 14 प्वाइंट के साथ चौथे नंबर पर है। ऐसे में एसआरएच को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए हर हाल में ये मैच जीतना होगा। तो चलिए जानते है कि एसआरएच व जीटी के मैच में किन खिलाड़ियों को चुनकर आप अपना बेस्ट ड्रीम11 टीम बना सकते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के यह मैच राजीव गांधी स्टेडियम में खेला जाएगा। यदि इस मैदान की पिच की बात करें, तो राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम अपने फ्लैट विकेट्स के लिए मशहूर है। यहां बल्लेबाजों को काफी मदद मिलती है। जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ता है, यहां स्पिनर्स को भी मदद मिलती है।

**एसआरएच की संभावित प्लेइंग11 :**

ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, नीतिश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मार्को यान्सन, शाहबाज अहमद, अब्दुल समद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन.

**जीटी की संभावित प्लेइंग11:**

शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, डेविड मिलर, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), राहुल तेवतिया, राशिद खान, नूर अहमद, उमेश यादव, मोहित शर्मा, कार्तिक त्यागी.

## 16 मई 2024 का राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा रह सकता है। आज आप आकस्मिक यात्रा पर जायेंगे। आज भाग-दौड़ अधिक रहेगा। मानसिक तनाव रहेगा। कुछ दिक्कतें भी आ सकती है। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। आर्थिक मोर्चे पर आज का दिन मिलाजुला रहेगा।

**वृषभ राशि-** आज का दिन मनोरंजन और घूमने फिरने के लिए अच्छा है। आज सकारात्मक विचार अपनायेंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। लम्बे समय से अटका हुआ धन प्राप्त होगा। शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग करना उपयोगी रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक मोर्चे पर फायदा होने की संभावना है। पारिवारिक जीवन के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी कीमती वस्तु की खरीदारी करेंगे। कोई खास खबर मिलने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क राशि-** आज किसी भी तरह की लापरवाही करने से बचें। पारिवारिक तनाव उत्पन्न होगा। मानसिक चिंताएं बढ़ेंगी। आज रुके हुए काम पूरे होंगे। भवन संबंधी कार्यों में लिए गए निर्णय लाभदायक साबित होंगे। अचानक किसी से उपहार मिलने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह राशि-** आज अचानक घर में मेहमानों का आगमन होगा। दौड़ धूप अधिक रहेगी। व्यापार में पिता का सहयोग प्राप्त होगा। सहकर्मी से सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। मौज मस्ती पर काफी धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या राशि-** आज माता का आशीर्वाद और पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आज मनोबल बढ़ेगा। आज व्यापार में धन लाभ होने की सम्भावना है। उधार लेने और देने दोनों से बचें। कार्यक्षेत्र में ध्यान देने की आवश्यकता है। अचानक कोई खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला राशि-** आज कोर्ट कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। आज व्यापार में सावधानी बरतें। आज हानि का योग है। आज कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। निवेश करने से पहले योजनाओं को अच्छी तरह समझ लें। आज आप सामाजिक कार्यों पर ध्यान देंगे।

**वृश्चिक राशि-** आज मनपसंद वाहन की खरीदारी करेंगे। वैवहिक जीवन में अनुकूलता रहेगी। बाहरी खान-पान का आनंद लेंगे। आज कोई अच्छी नौकरी का प्रस्ताव प्राप्त होगा। आज किसी से कोई वादा सोच विचार कर करें। फिजूल खर्च करने से बचें।

**धनु राशि-** आज परिवार में सुख और शांति बनी रहेगी। आज भाई बहनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। छात्र शिक्षा के प्रति लापरवाही से बचें। मित्र से उपहार प्राप्त होगा।

**मकर राशि-** आज जरूरी काम समय से पूर्ण होंगे। आज आप परिवार और बच्चों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। लम्बे समय से चली आ रही योजना की शुरुआत करेंगे। आज जीवनसाथी से खास सरप्राइज मिलेगा। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी।

**कुंभ राशि-** आज दैनिक कार्यों की अधिकता रहेगी। घरेलू खर्चों में इजाफा होगा। बजट का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में थोड़ी मुश्किलें आ सकती हैं। व्यापार को लेकर की गयी यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन का योग है। नये अवसर प्राप्त होंगे। संतान से खुशी की खबर प्राप्त होंगे।

**मीन राशि-** सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी. आज व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त होगा. वैवाहिक जीवन में अनुकूलता बनी रहेगी. यात्रा और मनोरंजन के लिए आज का दिन अच्छा है।

# जानलेवा हो सकता है डेंगू

## डेंगू से करें बचाव, समय से कराएं उपचार

एनएनआई

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस आज



**आगरा।** डेंगू जानलेवा हो सकता है। इस बात का अहसास मुझे तब हुआ जब डेंगू होने के कारण मैं अस्पताल तक पहुंच गया और मुझे वहां दस दिन तक एडमिट होना पड़ा। सही उपचार लेने के बाद मेरी जान बच सकी। यह कहना है दयालबाग निवासी 20 वर्षीय छात्र सौरभ का। उन्होंने बताया कि डेंगू को आम बीमारी की तरह बिल्कुल न लें। डेंगू के मच्छर से बचाव करें। डेंगू होने पर सही उपचार न मिले तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। सौरव ने बताया कि पहले वह मच्छरों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेता था। वर्ष 2023 में मुझे अचानक से तेज बुखार आया। मैंने बुखार की दवा खा ली। पहले दिन आराम हुआ, लेकिन दूसरे दिन और तेज बुखार आया। साथ में उल्टी होने लगी। खाने में कुछ अच्छा नहीं लग रहा था। तीसरे दिन कमजोरी महसूस होने लगी। डॉक्टर ने डेंगू की जांच कराई। रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हो गई। शरीर में काफी कमजोरी आ गई। निजी अस्पताल में उपचार दिया गया। तब जाकर मेरी हालत में सुधार हुआ। उपचार के दौरान मेरे पिता का एक लाख रुपए खर्च हुए। सौरव ने कहाकि डेंगू से बचाव के लिए हमें सबसे पहले डेंगू के मच्छरों से बचाव करना है। अपने आस-पास मच्छरों को पनपने से रोकें। ताकि डेंगू की रोकथाम हो सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि, हर वर्ष 16 मई को नेशनल डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य डेंगू जैसी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस साल 2024 के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम डेंगू रोकथाम: एक सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी है। डेंगू एक मच्छर जनित वायरल रोग है जो एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू या डेंगी वायरस मच्छरों के काटने से होता है। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह साफ पानी में पनपता है।



**डॉ. अरुण श्रीवास्तव, सीएमओ, आगरा**

डेंगू के लक्षणों के बावजूद समय से जांच न होने की स्थिति में जब इसका बुखार छठवें से आठवें दिन में पहुंचता है तो खतरा ज्यादा बढ़ जाता है, लेकिन ऐसे मरीज भी समय से अस्पताल जाएं ठीक हो जाते हैं। शरीर में चकत्ते आना या नाक, मुंह व मसूड़ों से खून आना डेंगू के खतरनाक लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में मरीज को भर्ती करना अनिवार्य है। प्लेटलेट उन्हीं मरीजों को चढ़ाने की जरूरत पड़ती है जिनके शरीर से ब्लीडिंग होने लगती है। अगर ब्लीडिंग नहीं हो रही है तो बीस हजार प्लेटलेट होने पर भी इसे चढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। अगर ब्लीडिंग हो रही है तो अस्सी हजार प्लेटलेट रहने पर भी इसे चढ़ाना पड़ता है।



**डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति, वेक्टर बोर्न रोगों के नोडल अधिकारी**

### बुखार होने पर यह करें:

- प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखाएं
- चिकित्सक की निगरानी में दवा के साथ पर्याप्त बेड रेस्ट लें
- तरल भोज्य पदार्थों का सेवन करें और खूब पानी पिएं
- तीव्र बुखार की स्थिति में 108 एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचें
- बुखार हो तो यह न करें
- अपने मन से दवा न लें
- शारीरिक श्रम न करें
- बुखार उतरने लगे तो निश्चिंत न हों और सावधानी जारी रखें
- बुखार ठीक होने के बाद भी बेड रेस्ट लें

### डेंगू के लक्षण

- तेज बुखार
- त्वचा पर चकत्ते
- तेज सिर दर्द
- पीठ दर्द
- आंखों में दर्द
- मसूड़ों से खून बहना
- नाक से खून बहना
- जोड़ों में दर्द
- उल्टी
- डायरिया

### डेंगू की स्थिति जिले में

| वर्ष | कुल केस |
|---|---|
| 2021 | 1161 |
| 2022 | 35 |
| 2023 | 173 |
| 2024 | 0 |



टैक्सेशन बार चुनाव

# प्रदीप अध्यक्ष, संजीव चुने गए महासचिव

एनएनआई





**आगरा।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन के सत्र 2024-25 का चुनाव में प्रदीप सहगल अध्यक्ष और संजीव भटनागर महासचिव चुने गए। टैक्सेशन बार एसोसिएशन के राज्य जीएसटी भवन जयपुर हाउस में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार सहगल 172 वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राज किशोर खंडेलवाल को महज 12 वोटों से शिकस्त दी। वहीं जनरल सेक्रेटरी पद पर संजय भटनागर ने 195 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजीव कुमार वशिष्ठ को 60 वोटों के अंतर से हराया। कोषाध्यक्ष पर सोमेंद्र कुमार जैन 169 मत पाकर केएन त्रिवेदी को 8 वोटों से हराया। वाइस प्रेसिडेंट जीएसटी के चुनाव में मोनिल अग्रवाल 194 वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज त्रिपाठी को 57 वोट से हराया। वाइस प्रेसिडेंट इन्कम टैक्स पद पर अनुराग सिन्हा ने 227 वोट लेकर विजयी हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप मिश्रा को 124 वोटों के विशाल अंतर मात दी। सेक्रेटरी जीएसटी के चुनाव में अरुण बंसल 168 मत पाकर विजयी हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पीयूष खंडेलवाल को 14 वोटों से हराया।

सेक्रेटरी इनकम टैक्स के चुनाव में राकेश कुमार वर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राहुल मित्तल को 101 वोटों से हराया। ज्वॉइंट सेक्रेटरी जीएसटी पद अभिषेक आनंद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अंकित अग्रवाल को 84 वोटों से हराया। ज्वॉइंट सेक्रेटरी इन्कम टैक्स के पद पर आशीष बंसल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राकेश कुमार जायसवाल को 59 वोटो से हराया। वहीं ऑडिटर पद पर मधुर अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कपिल बोस को 59 वोटों से पराजित किया। एग्जीक्यूटिव सदस्य ए के लिए अरुण कुमार सक्सेना, अनिल आदर्श जैन, श्रीमती नीरज कोटिया, रविकुमार और कृष्ण मुरारी अग्रवाल चुने गए। जबकि एग्जीक्यूटिव सदस्य बी के लिए निखिल अग्रवाल और राशिद खान चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को वर्तमान अध्यक्ष आरपी दीक्षित, जनरल सेक्रेटरी राजेंद्र कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष आरएम सिंघल ने बधाई दी।